# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी०ई०एन० ०९/२०२५-7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 04/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **किसी गतिमान पिंड के विस्थापन का पूर्ण वर्णन करने के लिए क्या आवश्यक है?**

Ans A). मूल बिंदु पर स्थिति B). केवल दिशा C). केवल परिमाण D). परिमाण और दिशा दोनों

Correct Answer: D

**Q.2** **ध्वनि के संचरण में माध्यम की क्या भूमिका होती है?**

Ans A). माध्यम ध्वनि को अंतरालों के बीच गति करने से रोकता करता है B). माध्यम ऐसे कण प्रदान करता है जो ध्वनि कंपनों को वहन करते हैं C). ध्वनि के एक बिंदु से दूसरे बिंदु पर गति करने के लिए माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है D). माध्यम गमन के लिए ध्वनि को प्रकाश ऊर्जा में परिवर्तित करता है

Correct Answer: B

**Q.3** **अभिकथन (A) और कारण (R) नामक निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**अभिकथन (A): असंतृप्त हाइड्रोकार्बन काले धूम के साथ पीली ज्वाला प्रदान करते हैं।**

**कारण (R): ऑक्सीजन की कमी होने पर ये पूर्ण रूप से जल जाते हैं।**

Ans A). A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या नहीं है। B). A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है। C). A सत्य है, लेकिन R असत्य है। D). A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

Correct Answer: C

**Q.4** **तंत्रिकाकोशिका (neuron) का कौन-सा भाग, तंत्रिका आवेगों को कोशिका-काय से दूर ले जाता है?**

Ans A). सिलिया (Cilia) B). कशाभ (Flagellum) C). मूल रोम (Root hair) D). अक्षतंतु (Axon)

Correct Answer: D

**Q.5** **निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक यौगिक, मुख्यतः उपरि वायुमंडल में ओजोन अवक्षय के लिए उत्तरदायी है?**

Ans A). मेथेन B). क्लोरोफ्लोरोकार्बन C). सल्फर डाइऑक्साइड D). नाइट्रोजन के ऑक्साइड

Correct Answer: B

**Q.6** **एक बच्चे में जन्मजात कशेरुकदंड की अनुपस्थिति है। कौन-सा मुख्य देह तंत्र मुख्यतः प्रभावित होगा?**

Ans A). त्वचीय श्वसन B). बाह्य पाचन C). श्वसन गैसों का विनिमय D). केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की सुरक्षा

Correct Answer: D

**Q.7** **यदि पहले प्रिज्म के बाद एक दूसरे समरूप प्रिज्म को उल्टी स्थिति में रखा जाए, तो स्पेक्ट्रम में रंगों के प्रसार पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

Ans A). केवल लाल और वायलेट रंग का विलय होता है B). स्पेक्ट्रम एक तरफ विस्थापित हो जाता है C). रंगों का प्रसार पुनः संयोजित होकर श्वेत प्रकाश बनाता है D). रंग और दूर तक प्रसारित हो जाते हैं

Correct Answer: C

**Q.8** **एक रोगी के फेफड़ों का आयतन सामान्य होने के बावजूद, ऑक्सीजन संतृप्ति कम है। कौन-सी स्थिति इसकी सर्वोत्तम व्याख्या करती है?**

Ans A). हीमोग्लोबिन सांद्रता में कमी B). सांस लेने की दर में वृद्धि C). वायु कूपिका की संख्या में कमी D). केशिका घनत्व में वृद्धि

Correct Answer: A

**Q.9** **जब कोई चालक चुंबकीय क्षेत्र से होकर गुजरता है, तो क्या होता है?**

Ans A). चालक में प्रकाश उत्पन्न होता है। B). चालक गर्म हो जाता है। C). चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता बढ़ जाती है। D). इसके सिरों पर एक विभवांतर प्रेरित होता है।

Correct Answer: D

**Q.10** **जब कोई अधातु इलेक्ट्रॉनों की लब्धि करती है, तो वह _________ है।**

Ans A). धनायन बनाती है B). उदासीन हो जाती है C). प्रोटॉन बनाती है D). ऋणायन बनाती है

Correct Answer: D

**Q.11** **किए जाने वाले कार्य के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक नहीं है?**

Ans A). ऊर्जा संग्रहीत होनी चाहिए B). बल कार्य करना चाहिए C). विस्थापन होना चाहिए D). बल और विस्थापन दोनों उपस्थित होने चाहिए

Correct Answer: A

**Q.12** **एक अभिक्रिया तब होती है जब दो जलीय लवण विलयनों को निश्रित किया जाता है, और एक अघुलनशील ठोस बनता है जबकि शेष आयन विलयन में विलीन रहते हैं। यह किस प्रकार की अभिक्रिया को दर्शाता है?**

Ans A). एकल उत्पाद बनाने वाली संयोजन अभिक्रिया B). धातु विनिमय से संबंधित विस्थापन अभिक्रिया C). द्वि विस्थापन अवक्षेपण अभिक्रिया D). ऊर्जा निवेश की आवश्यकता वाली अपघटन अभिक्रिया

Correct Answer: C

**Q.13** **एक विद्यार्थी 15 cm फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस से 25 cm की दूरी पर एक मोमबत्ती रखता है और एक वास्तविक प्रतिबिंब प्राप्त करता है। निर्मित प्रतिबिंब का आवर्धन कितना होगा?**

Ans A). 0.4 B). 1.67 C). -2.5 D). - 1.5

Correct Answer: D

**Q.14** **खाद्य श्रृंखलाओं की तुलना में खाद्य जालों को अधिक स्थायी क्यों माना जाता है?**

Ans A). इनमें कोई मांसाहारी नहीं होते हैं B). इनमें उत्पादकों की संख्या अधिक होती है C). ये कई खाद्य संभावनाएं प्रदर्शित करते हैं D). ये पोषी स्तरों के बीच ऊर्जा अंतरण नहीं दर्शाते हैं

Correct Answer: C

**Q.15** **जब एक तनु अम्ल, धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो कौन-सी गैस निर्मुक्त होती है?**

Ans A). हाइड्रोजन गैस निर्मुक्त होती है। B). नाइट्रोजन गैस निर्मुक्त होती है। C). कार्बन डाइऑक्साइड गैस निर्मुक्त होती है D). ऑक्सीजन गैस निर्मुक्त होती है।

Correct Answer: C

**Q.16** **रदरफोर्ड के मॉडल के अनुसार, कौन-सा कथन नाभिक का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?**

Ans A). नाभिक खोखला और उदासीन होता है B). नाभिक बड़ा, हल्का और ऋणावेशित होता है C). नाभिक फैला हुआ और अनावेशित होता है D). नाभिक लघु, सघन और धनावेशित होता है

Correct Answer: D

**Q.17** **एक डिवाइस विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में रूपांतरित करने के लिए धारावाही चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र के सिद्धांत का उपयोग करता है। कौन-सा डिवाइस इस सिद्धांत पर कार्य करता है?**

Ans A). विद्युत मोटर B). ट्रांसफॉर्मर C). सौर सेल D). गैल्वेनोमीटर

Correct Answer: A

**Q.18** **सादृश्य को पूरा कीजिए।**

**बिम्बाणु : स्कंदन :: श्वेत रुधिर कोशिकाएं : ______।**

Ans A). शोथ से लड़ना B). जोड़ों को जोड़ना C). खनिजों का भंडारण D). ऑक्सीजन परिवहन

Correct Answer: A

**Q.19** **हृदय के संकुचन के दौरान कौन-सी संरचना रक्त के पश्च प्रवाह को रोकती है?**

Ans A). धमनियां (Arteries) B). सेप्टा (Septa) C). कपाट (Valves) D). पेशियां (Muscles)

Correct Answer: C

**Q.20** **500 kg द्रव्यमान की पानी की एक टंकी धरातल से 20 m ऊपर एक इमारत की छत पर रखी गई है। गुरुत्वीय त्वरण $g = 10 \, m/s^2$ है। यदि टंकी को दूसरी इमारत की छत पर ले जाया जाता है, जिसकी ऊंचाई पहली इमारत की ऊंचाई की दोगुनी है, जबकि इसका द्रव्यमान अपरिवर्तित रहता है, तो उसकी नई गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा कितनी होगी?**

Ans A). 200,000 J B). 400,000 J C). 100,000 J D). 50,000 J

Correct Answer: A

Q.21 एक शिक्षक तीन मिश्रण तैयार करता है।
जल में विलीन शर्करा
जल में विलीन लवण
जल और बालू का मिश्रण
निम्नलिखित में से कौन-सा, निलंबन (suspension) है?

Ans A). लवण और जल का मिश्रण B). शर्करा-जल का मिश्रण और बालू-जल का मिश्रण दोनों C). केवल शर्करा और जल का मिश्रण D). केवल बालू और जल का मिश्रण

Correct Answer: D

Q.22 एथेनॉल के एक मोल के पूर्ण ऑक्सीकरण से $CO_2$ के कितने मोल मुक्त होते हैं?

Ans A). तीन B). चार C). एक D). दो

Correct Answer: D

Q.23 दो आइस स्केटर घर्षणरहित पृष्ठ पर एक-दूसरे को धक्का देते हैं। उनकी गति के संदर्भ में क्या प्रेक्षित होगा?

Ans A). दोनों स्केटर एक-दूसरे के परितः वृत्तों में गति करते हैं। B). एक स्केटर गति करता है, जबकि दूसरा स्केटर स्थिर रहता है। C). दोनों स्केटर एक साथ एक ही दिशा में गति करते हैं। D). दोनों स्केटर समान एवं विपरीत बलों के साथ विपरीत दिशाओं में एक-दूसरे से दूर गति करते हैं।

Correct Answer: D

Q.24 अत्यधिक वायुमंडलीय $CO_2$ महासागरीय जल में इसके विघटन को बढ़ाता है। इससे समुद्री जल अधिक ________ हो जाता है।

Ans A). ऑक्सीजनित B). क्षारीय C). अम्लीय D). उदासीन

Correct Answer: C

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सी विधि किसी अन्य धातु का त्याग करके संक्षारण को रोकती है?

Ans A). गैल्वनाइजेशन (Galvanisation) B). मिश्रात्वन (Alloying) C). पेंटिंग (Painting) D). ऐनोडीकरण (Anodising)

Correct Answer: A

Q.26 पेट्रोल की कीमत में 10% की वृद्धि होती है। किसी व्यक्ति को खपत में कितने प्रतिशत की कमी करनी चाहिए, जिससे कि पेट्रोल पर कुल व्यय में केवल 5% की वृद्धि हो? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans A). 4.45% B). 4.35% C). 4.55% D). 4.15%

Correct Answer: C

Q.27 यदि 7 और 20 दो संख्याएं हैं, तो उनका माध्यानुपाती कितना होगा?

Ans A). $2\sqrt{35}$ B). $10\sqrt{15}$ C). $16\sqrt{5}$ D). $14\sqrt{10}$

Correct Answer: A

Q.28 दो समांतर रेखाओं को एक तिर्यक रेखा काटती है। यदि एक अंतःकोण की माप 70° है, तो तिर्यक रेखा के एक ही ओर स्थित क्रमागत अंतःकोण की माप ज्ञात कीजिए।

Ans A). $35^\circ$ B). $140^\circ$ C). $70^\circ$ D). $110^\circ$

Correct Answer: D

Q.29 यदि 7 अंकों की संख्या 91056A4, 3 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का न्यूनतम मान क्या है?

Ans A). 5 B). 2 C). 10 D). 1

Correct Answer: B


Q.30 आँकड़ों के एक समुच्चय के माध्य और बहुलक क्रमशः 46.6 और 45.1 हैं। आनुभविक सूत्र का उपयोग करके आँकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans A). 47.9 B). 46.8 C). 46.1 D). 46.7


Correct Answer: C

Q.31 दोनों पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। पहला पाई चार्ट 2024 में छह गाँवों की कुल जनसंख्या के प्रतिशत बंटन को दर्शाता है और दूसरा पाई चार्ट 2024 में इन्हीं छह गाँवों में महिला जनसंख्या के प्रतिशत बंटन को दर्शाता है।

2024 में छह गाँवों की कुल जनसंख्या = 1,50,000




2024 में छह गाँवों की महिला जनसंख्या = 75,000




गाँव T और P में संयुक्त रूप से पुरुषों की कुल संख्या कितनी है?

**Ans** A). 37,500 B). 75,000 C). 30,000 D). 60,000 **Correct Answer: C**

---

Q.32 एक व्यक्ति स्थिर जल में 9 km/h की चाल से नाव चला सकता है। जब नदी 5 km/h की चाल से बहती है, तो उसे किसी निश्चित स्थान तक जाने और वापस आने में 2.4 घंटे लगते हैं। वह स्थान कितनी दूर है? (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans** A). 8.18 km B). 7.47 km C). 6.42 km D). 9.54 km **Correct Answer: B**

---

Q.33 एक कारखाने में 90 श्रमिकों का औसत दैनिक वेतन ₹140 है, और महिला श्रमिकों का औसत दैनिक वेतन ₹130 है। यदि एक-तिहाई श्रमिक पुरुष हैं, तो पुरुष श्रमिकों का औसत दैनिक वेतन कितना है?

**Ans** A). ₹164 B). ₹152 C). ₹156 D). ₹160 **Correct Answer: D**

---

Q.34 एक दुकानदार ने ₹1,200 प्रत्येक की दर से दो घड़ियाँ खरीदीं। उसने पहली घड़ी 15% के लाभ पर और दूसरी घड़ी 10% की हानि पर बेची। फिर उसने पहली घड़ी खरीदने वाले ग्राहक को ₹100 कैशबैक दिया। दुकानदार का समग्र लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹15 का लाभ B). ₹60 का लाभ C). ₹40 की हानि D). ₹30 की हानि **Correct Answer: C**

---

Q.35 यदि एक आयत का क्षेत्रफल 12 cm² है तथा इसका विकर्ण 5 cm है, तो आयत का परिमाप ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 15 cm B). 13 cm C). 14 cm D). 16 cm **Correct Answer: C**

---

Q.36 चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कोई धनराशि 4 वर्षों में ₹1,200 और 8 वर्षों में ₹2,400 हो जाती है। मूलधन ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹598 B). ₹640 C). ₹575 D). ₹600 **Correct Answer: D**

---

Q.37 अरुण के पास ₹1,681 थे। उन्होंने इस राशि को अपने पुत्रों, महेश और विजय के बीच विभाजित किया और उन्हें इसे 5% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। यह देखा गया कि महेश और विजय को क्रमशः 14 वर्ष और 15 वर्ष बाद समान राशि प्राप्त हुई। अरुण ने महेश को कितनी राशि (₹ में) दी थी?

**Ans** A). 820 B). 711 C). 861 D). 920 **Correct Answer: C**

---

Q.38 कौशल ने 2 घंटे 55 मिनट तक 24 km/h की चाल से यात्रा की। उसी दूरी को 5 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

**Ans** A). 13 B). 14 C). 12 D). 11 **Correct Answer: B**

---

Q.39 एक विद्यार्थी ने 2 और 3 भार (वेट) वाली दो परीक्षाओं में क्रमशः 60 और 80 अंक प्राप्त किए। भारित औसत अंक क्या है?

**Ans** A). 73 B). 75 C). 72 D). 70 **Correct Answer: C**

**Q.40** दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 4 और 288 हैं। यदि उनमें से एक संख्या 32 है, तो दूसरी संख्या कितनी है?

**Ans** A). 24 B). 36 C). 18 D). 48

**Correct Answer: B**

**Q.41** यदि किसी धनराशि पर 5% वार्षिक दर से 3 वर्षों में अर्जित साधारण ब्याज ₹1,500 है, तो धनराशि कितनी थी?

**Ans** A). ₹7,000 B). ₹8,000 C). ₹9,000 D). ₹10,000

**Correct Answer: D**

**Q.42** एक शंकु की तिर्यक ऊँचाई 15 cm है और उसके आधार की त्रिज्या 9 cm है। शंकु बनाने के लिए इस वृत्त से 15 cm त्रिज्या और 120° के केंद्रीय कोण वाले एक त्रिज्यखंड का उपयोग किया जाता है। शंकु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा?

**Ans** A). $216\pi\ cm^2$ B). $312\pi\ cm^2$ C). $261\pi\ cm^2$ D). $226\pi\ cm^2$

**Correct Answer: A**

**Q.43** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sin A - \sin B}{\cos A + \cos B} + \frac{\cos A - \cos B}{\sin A + \sin B} + \frac{2(1+\cos A)(1-\sin A)}{(1-\sin A+\cos A)^2}$$

**Ans** A). 1 B). secA C). sinA D). 0

**Correct Answer: A**

**Q.44** किसी धनराशि को A, B, C और D के बीच 3 : 7 : 9 : 13 के अनुपात में विभाजित किया जाता है। यदि D का हिस्सा ₹6,890 है, तो A का हिस्सा (₹ में) कितना होगा?

**Ans** A). 1,530 B). 1,590 C). 1,500 D). 1,560

**Correct Answer: B**

**Q.45** x $m^2$ क्षेत्रफल वाले एक वर्गाकार भूखंड में, $\frac{1}{4}\sqrt{x}\ m^2$ क्षेत्रफल वाली एक पट्टी और $a^2\ m^2$ क्षेत्रफल वाला एक पैच जोड़ा जाता है। यदि कुल क्षेत्रफल को अब x की घातों और स्थिरांकों का उपयोग करके एक पूर्ण वर्ग के रूप में व्यक्त किया जा सकता है, तो a का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\frac{1}{4}$ B). $\frac{1}{8}$ C). $\frac{1}{2}$ D). $\frac{1}{16}$

**Correct Answer: B**

**Q.46** यदि θ एक न्यून कोण है तथा 9sinθ = 5 है, तो $\frac{2}{3}\sqrt{5\cot^2\theta - 14\tan^2\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $\sqrt{\frac{11}{5}}$ B). $\sqrt{\frac{5}{11}}$ C). $\frac{11}{\sqrt{5}}$ D). $\frac{5}{\sqrt{11}}$

**Correct Answer: A**

**Q.47** अंशु एक काम को 24 दिनों में कर सकता है और काजल उसे 28 दिनों में कर सकती है। वे 6 दिनों तक साथ काम करते हैं, जिसके बाद अंशु काम छोड़कर चला जाता है और शेष काम काजल अकेले पूरा करती है। संपूर्ण काम कितने दिनों में पूरा होगा?

**Ans** A). 24 दिन B). 18 दिन C). 28 दिन D). 21 दिन

**Correct Answer: D**

**Q.48** दो संख्याएँ 12 और 18 हैं। इनके महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 216 B). 324 C). 432 D). 108

**Correct Answer: A**

**Q.49** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों I, II, III और IV पर समान है।
कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 78% और 25% की दो क्रमिक छूट देती है, दुकान II, 83% और 29% की क्रमिक छूट देती है, दुकान III, 33% और 81% की क्रमिक छूट देती है, और दुकान IV, 84%, 83%, और 82% की क्रमिक छूट देती है।
कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

**Ans** A). I B). IV C). II D). III

**Correct Answer: B**

**Q.50** एक अधिकारी का वर्तमान वेतन ₹15,000 है। पहले वर्ष में इसमें 10% की वृद्धि हुई और दूसरे वर्ष में 20% की कमी हुई। दूसरे वर्ष के अंत में उसका वेतन कितना था?

**Ans** A). ₹13,400 B). ₹13,600 C). ₹13,800 D). ₹13,200

**Correct Answer: D**

Q.51 एक निश्चित कूट भाषा में,

A ^ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ! B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A £ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A € B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ^ Q £ S € T ! U' है, तो P का U से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी B). माता की बहन C). बहन D). माता

Correct Answer: D

Q.52 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) के रूप में क्रमांकित किया गया है। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न: पाँच व्यक्ति – रिया, संजय, तनु, उमेश और वर्षा – एक ही पंक्ति में पश्चिम की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(I) रिया और संजय के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। तनु, रिया के ठीक पड़ोस में बैठी है।
(II) वर्षा दाएँ छोर में बैठी है, और उमेश, वर्षा के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है।

Ans A). केवल कथन I का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
B). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
C). कथन I और II दोनों एक साथ (और केवल कथन I या कथन II अकेले नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
D). केवल कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: B

Q.53 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) SKY ITS NOT LTD (दाएं)

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में ठीक उसके पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). चार B). दो C). एक D). तीन

Correct Answer: A

Q.54 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 B 2 D 18 A 6 C 3 = ?

Ans A). 5 B). 8 C). 6 D). 2

Correct Answer: B

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). SYD B). QWB C). IOU D). AGL

Correct Answer: C

Q.56 T, R, O, U, B, L और E में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। E से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। U के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। E और O के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। L और B के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। L से ठीक पहले R की परीक्षा है। T और L के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans A). तीन B). चार C). दो D). एक

Correct Answer: C

Q.57 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : QRU :: FGJ : %

Ans A). # = LMH , % = KMP B). # = LMB , % = KMJ C). # = LMD , % = KMS D). # = LMP , % = KLO

Correct Answer: D

Q.58 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

295 299 308 324 349 ?

Ans A). 371 B). 396 C). 368 D). 385

Correct Answer: D

**Q.59** अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). ML - IK B). ON - KJ C). FE - BA D). SR - ON

**Correct Answer: A**

**Q.60** सात बॉक्स B, F, G, H, R, T और Y एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। R के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। R और B के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। Y और H के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। H को B के ठीक ऊपर रखा गया है। Y और G के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। F को T के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। T के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

**Ans** A). 1 B). 4 C). 2 D). 3

**Correct Answer: A**

**Q.61** शब्द EXPLAIN के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाईं ओर से पाँचवां होगा?

**Ans** A). B B). C C). A D). D

**Correct Answer: A**

**Q.62** शब्द HUMECTS के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाएं ओर से चौथे स्थान पर होगा?

**Ans** A). F B). T C). I D). N

**Correct Answer: D**

**Q.63** दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) K L # O ^ & A M B + S # % @ A S X C V B ? Y $ % + * S W L P T ? B G % Y (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans** A). 5 B). 2 C). 4 D). 3

**Correct Answer: D**

**Q.64** एक निश्चित कूट भाषा में, 'DEAL' को '5714' के रूप में और 'EARL' को '8541' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'R' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). 5 B). 1 C). 4 D). 8

**Correct Answer: D**

**Q.65** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 91 का संबंध 182 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 104 का संबंध 208 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 117 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

**Ans** A). 234 B). 243 C). 221 D). 256

**Correct Answer: A**

**Q.66** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

TEA BUN PEN VAN

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

**Ans** A). कोई नहीं B). चार C). एक D). तीन

**Correct Answer: C**

**Q.67** छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दाईं ओर से गिनने पर E और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O के बाईं ओर दूसरे स्थान पर E बैठा है। O के बाईं ओर तीसरे स्थान पर P बैठा है। Q और O दोनों का निकटतम पड़ोसी C है। D के दाईं ओर से गिनने पर D और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). तीन B). एक भी नहीं C). दो D). एक

**Correct Answer: D**

**Q.68** Q, R, W, T, E, U और Y में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। E की परीक्षा गुरुवार को है। R और U के बीच ठीक 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। Q की परीक्षा W से ठीक पहले है। T की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। R की परीक्षा W के बाद नहीं है।
E के ठीक बाद किसकी परीक्षा है?

Ans A). W B). R C). Y D). U

Correct Answer: C

**Q.69** यदि संख्या 3761254 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाता है और प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में अंतिम दो अंकों और प्रथम दो अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans A). 27 B). 29 C). 20 D). 23

Correct Answer: A

**Q.70** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
ILA KOF MRK OUP ?

Ans A). RYU B). QXU C). QYV D). PYW

Correct Answer: B

**Q.71** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएँ) 7 8 4 5 3 2 4 5 7 8 9 7 8 5 6 4 3 2 1 4 5 6 3 4 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग है और ठीक बाद में एक विषम अंक है?
(नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है।)

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). तीन D). दो

Correct Answer: B

**Q.72** श्री सांगे बिन्दु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और उत्तर की ओर 26 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़कर 19 km ड्राइव करते हैं, फिर से बाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करते हैं। इसके बाद, वह दाएं मुड़कर 15 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़कर 42 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़कर 39 km ड्राइव करते हैं। अंत में वह बाएं मुड़कर 28 km ड्राइव करते हैं और बिन्दु P पर रुक जाते हैं। बिन्दु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans A). 12 km उत्तर की ओर B). 16 km पूर्व की ओर C). 5 km पश्चिम की ओर D). 12 km दक्षिण की ओर

Correct Answer: C

**Q.73** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'blue sky high' को 'ka pe su' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'high above all' को 'su qr lm' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'high' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षरीय कूट हैं।)

Ans A). lm B). su C). ka D). qr

Correct Answer: B

**Q.74** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
16 - 22
13 - 19

Ans A). 6 - 16 B). 45 - 59 C). 10 - 17 D). 2 - 8

Correct Answer: D

**Q.75** एक निश्चित कूट भाषा में,
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'S # M @ H – Y % U' है, तो S का U से क्या संबंध है?

Ans A). भाई की पत्नी का पिता B). पत्नी का भाई C). भाई की पत्नी का भाई D). पत्नी का पिता

Correct Answer: C

Q.76 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दोनों युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**VAN-AFS**
**FKX-KPC**

**Ans** A). POH-UZM B). PUH-ZUM C). PUH-UZM D). UZM-PUC

**Correct Answer: C**

---

Q.77 दी गई संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) * & * 1 % < > 5 \ / * @ 4 1 < + ? * $ + 8 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अन्य प्रतीक है?

**Ans** A). 3 B). 1 C). 2 D). 4

**Correct Answer: A**

---

Q.78 सात व्यक्ति, P, Q, S, T, U, V, और W, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U और P के बीच केवल W बैठा है। P, S के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, S के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। Q, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। दी गई जानकारी के आधार पर, T के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans** A). P B). V C). S D). Q

**Correct Answer: C**

---

Q.79 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
56 - 3 ÷ 19 + 81 × 9 = ?

**Ans** A). 175 B). 178 C). 182 D). 184

**Correct Answer: B**

---

Q.80 उस युग्म का चयन करें, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरित किए गए पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**EIM : OSW**
**HLP : RVZ**

**Ans** A). LPT : VYC B). SWA : CGK C). GLQ : JNR D). NRV : XBE

**Correct Answer: B**

---

Q.81 DRDO ने फरवरी 2026 में किस परीक्षण रेंज से वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (VSHORADS) के तीन सफल उड़ान परीक्षण किए?

**Ans** A). पोखरण फील्ड रेंज, राजस्थान (Pokhran Field Range, Rajasthan) B). इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर (Integrated Test Range, Chandipur)
C). बालासोर मिसाइल कॉम्प्लेक्स, पश्चिम बंगाल (Balasore Missile Complex, West Bengal)
D). थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट रेंज, केरल (Thumba Equatorial Rocket Range, Kerala)

**Correct Answer: B**

---

Q.82 पीएम सूर्य घर: मुफ़्त बिजली योजना, जिसके तहत दिसंबर 2025 तक 26 लाख से अधिक परिवारों को लाभ हुआ, रूफटॉप सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के माध्यम से किस सतत विकास लक्ष्य (SDG) में सबसे प्रत्यक्ष रूप से योगदान देती है?

**Ans** A). SDG 15 B). SDG 7 C). SDG 9 D). SDG 12

**Correct Answer: B**

---

Q.83 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में किस खिलाड़ी को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड (Laureus World Sportsman of the Year Award) से सम्मानित किया गया था?

**Ans** A). मैक्स वेरस्टैपेन (Max Verstappen) B). कार्लोस अल्कारेज (Carlos Alcaraz) C). रोजर फेडरर (Roger Federer) D). जैनिक सिनर (Jannik Sinner)

**Correct Answer: B**

---

Q.84 2 जून, 2026 को किस राज्य ने अपने गठन का 12वां वर्ष मनाया?

**Ans** A). झारखंड B). उत्तराखंड C). तेलंगाना D). छत्तीसगढ़

**Correct Answer: C**

---

Q.85 भारत के नेतृत्व में 12 मित्र देशों की सहभागिता से आयोजित होने वाला प्रमुख बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास प्रगति 2026 (PRAGATI 2026) मई 2026 में कहाँ हुआ था?

**Ans** A). पंजाब B). मेघालय C). राजस्थान D). असम

**Correct Answer: B**

**Q.86** **राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025 और नियम, 2026 के अनुरूप प्रत्येक राष्ट्रीय खेल निकाय को किस अवधि के भीतर अपने उप-नियमों को संशोधित करने होंगे?**

Ans A). तीन महीने B). नौ महीने C). बारह महीने D). छह महीने

Correct Answer: D

**Q.87** **अप्रैल 2026 में, केंद्र सरकार ने निजी स्पेसटेक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने हेतु स्पेस स्टार्टअप्स के लिए भारत का पहला समर्पित वेंचर कैपिटल फंड आधिकारिक रूप से संचालित किया। इस फंड का आधिकारिक नाम क्या है?**

Ans A). डिजिटल स्पेस भारत निधि (Digital Space Bharat Nidhi) B). IN-SPACe सीड कैपिटल फंड (IN-SPACE Seed Capital Fund)
C). अंतरिक्ष वेंचर कैपिटल फंड (Antariksh Venture Capital Fund) D). नेशनल डीपटेक फंड ऑफ फंड्स (National DeepTech Fund of Funds)

Correct Answer: C

**Q.88** **मई 2026 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वीडन द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया?**

Ans A). रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस B). रॉयल ऑर्डर ऑफ द सिल्वर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस
C). रॉयल ऑर्डर ऑफ द गोल्डन स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस D). रॉयल ऑर्डर ऑफ द नॉर्दर्न स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस

Correct Answer: A

**Q.89** **मई 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, MSME मंत्रालय की किस योजना ने 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान रोजगार-सृजन में एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की?**

Ans A). प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) B). कौशल भारत मिशन (SIM) C). प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP)
D). दीन दयाल अंत्योदय योजना (DAY-NRLM)

Correct Answer: C

**Q.90** **मई 2026 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र में निजी क्षेत्र के डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग काम्प्लेक्स (defence manufacturing complex) का उद्घाटन कहां किया था?**

Ans A). तारापुर B). शिरडी C). लासलगांव D). चाकन

Correct Answer: B

**Q.91** **निम्नलिखित में से किसने, मई 2026 में ऑपरेशन सिंदूर पर एक स्मारक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें इस मिशन में भाग लेने वाले 100 अधिकारियों, नौसैनिकों, वायुसैनिकों और अन्य सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों का संकलन है?**

Ans A). राजनाथ सिंह B). द्रौपदी मुर्मू C). अमित शाह D). नरेंद्र मोदी

Correct Answer: A

**Q.92** **2025 में श्रीहरिकोटा से NISAR सैटेलाइट को कक्षा (orbit) में ले जाने के लिए किस विशिष्ट प्रक्षेपण यान का उपयोग किया गया था?**

Ans A). GSLV-F16 B). फाल्कन 9 C). PSLV-C58 D). LVM3-M4

Correct Answer: A

**Q.93** **भारत में 2027 की जनगणना कराने के लिए कौन-सा प्रशासनिक प्राधिकरण उत्तरदायी है?**

Ans A). भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त B). सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय C). भारत का चुनाव आयोग
D). भारत का राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र

Correct Answer: A

**Q.94** **अप्रैल 2026 में उत्तर प्रदेश के किस पक्षी अभयारण्य को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया था?**

Ans A). वेदान्थंगल पक्षी अभयारण्य (Vedanthangal Bird Sanctuary) B). उधवा झील पक्षी अभयारण्य (Udhwa Lake Bird Sanctuary)
C). चित्रागुडी पक्षी अभयारण्य (Chitrangudi Bird Sanctuary) D). शेखा झील पक्षी अभयारण्य (Shekha Jheel Bird Sanctuary)

Correct Answer: D

**Q.95** **केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित बायोफार्मा SHAKTI पहल में SHAKTI का पूर्ण रूप क्या है?**

Ans A). Scientific Health and Advanced Knowledge for Translational Innovation (साइंटिफिक हेल्थ एंड एडवांस्ड नॉलेज फॉर ट्रांसलेशनल इनोवेशन)

B). Strategy for Healthcare Advancement through Knowledge, Technology and Innovation (स्ट्रेटजी फॉर हेल्थकेयर एडवांसमेंट थ्रू नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन)

C). Sustainable Health Advancement through Knowledge and Technological Integration (सस्टेनेबल हेल्थ एडवांसमेंट थ्रू नॉलेज एंड टेक्नलाजिकल इंटीग्रेशन)

D). Strategic Hub for Artificial Knowledge and Technical Integration (स्ट्रैटेजिक हब फॉर आर्टिफिशियल नॉलेज एंड टेक्निकल इंटीग्रेशन)

Correct Answer: B

**Q.96** **नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2026 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा (javelin event) में स्वर्ण पदक किसने जीता?**

Ans A). देवेंद्र झाझरिया B). सुमित अंतिल C). मरियप्पन थान्गावेलु D). सुंदर सिंह गुर्जर

Correct Answer: B

**Q.97** रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RSF) द्वारा जारी वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2026 के अनुसार, किस देश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और वह लगातार 10 वर्षों से शीर्ष स्थान पर बना हुआ है?

Ans A). फिनलैंड (Finland) B). स्वीडन (Sweden) C). डेनमार्क (Denmark) D). नॉर्वे (Norway)

Correct Answer: D

**Q.98** दक्षिण तटीय रेलवे (SCoR), जो 1 जून, 2026 से परिचालन में आया, भारत का ________________ है।

Ans A). 16वां रेलवे जोन B). 18वां रेलवे जोन C). 14वां रेलवे जोन D). 20वां रेलवे जोन

Correct Answer: B

**Q.99** 2026–27 के बजट में निम्नलिखित में से किस मिशन के लिए ₹924.35 करोड़ का आवंटन किया गया है?

Ans A). खेलो इंडिया मिशन B). स्मार्ट सिटीज मिशन C). राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन D). स्वच्छ भारत मिशन

Correct Answer: A

**Q.100** फरवरी 2026 में भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी स्कीम लॉन्च की गई थी?

Ans A). PM किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) B). PM विश्वकर्मा स्कीम C). जल जीवन मिशन D). भारत-VISTAAR

Correct Answer: D

"

oliveboard